उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शांतिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ

इलाहाबाद – 211 013

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की सम्पन्न विद्या परिषद् के बैठक की कार्यवृत्त

बैठक संख्या	:	22
दिनाँक	:	15 मई, 2010
समय	:	पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान	:	कुलपति कक्ष

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनाँक 15 मई, 2010 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में सम्पन्न विद्या परिषद् की 22वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1	प्रो नागेश्वर राव, कुलपति, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	अध्यक्ष
2.	डॉ. सी.एल. खेत्रपाल, (पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) निदेशक, सेण्टर फॉर बायो मेडिकल मैग्नेटिक रिसोनेन्स, एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ	सदस्य
3	डॉ. जोखन सिंह, (पूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन) द्वारा – श्री राजेश सिंह, ब्रोचा हास्टल, ए–ब्लाक, वार्डन क्वार्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी	सदस्य
4.	प्रो. पी.आर. अग्रवाल, स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट स्टडीज, एम.एन.एन. आई.टी., इलाहाबाद	सदस्य
5.	डॉ. बी.एन. सिंह, निदेशक, मानविकी विज्ञान विद्या शाखा उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
6.	डॉ. एम.एन. सिंह, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
7.	डॉ. टी.एन. दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य

8. डॉ. नागेन्द्र यादव, — सदस्य
उपाचार्य, प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

9. डॉ. (श्रीमती) इति तिवारी, — सदस्य
उपाचार्य, समाज विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

10. श्री अच्छे लाल, — सदस्य
प्रवक्ता, मानविकी विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

11. श्रीमती मीरा पाल, — सदस्य
प्रवक्ता, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

12. डॉ. उपेन्द्र कुमार कनौजिया — विशेष आमंत्रित सदस्य
प्रवक्ता, समाज विज्ञान विद्या शाखा
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

13. डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी — विशेष आमंत्रित सदस्य
प्रवक्ता, शिक्षा विद्या शाखा
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

14. डॉ. ए.के. सिंह — सचिव
उप कुलसचिव
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित न हो सके :

(1) प्रो. विनय पाठक,
कुलपति,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी, नैनीताल

(2) प्रो. ए.के. गुप्ता,
(पूर्व निदेशक, जे.के. इंस्टीट्यूट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)
फ्लैट नं. – 113, अशोक नगर, दुर्गा पूजा पार्क के पास,
विनायक इन्क्लेव, इलाहाबाद

(3) डॉ. एस.पी. गुप्ता,
निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

(4) श्री एम.एल. कनौजिया
कुलसचिव,
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

कार्यसूची के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व कुलपति जी ने प्रथम बार बैठक में उपस्थित हो रहे सम्मानित सदस्य डॉ. सी.एल. खेत्रपाल, (पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,) निदेशक, सेण्टर फॉर बायो मेडिकल मैग्नेटिक रिसोनेन्स, एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा उनका सभी सदस्यों से परिचय कराते हुए उनके सहयोग की अपेक्षा की। कुलपति जी ने विश्वविद्यालय की प्रगति एवं भावी योजनाओं के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं से विद्या परिषद् को अवगत कराया :–

1. विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनाँक 09 जनवरी, 2010 को प्रथम बार विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किये जाने तथा उसी दिन शैक्षिक परिसर के भवन का उद्घाटन महामहिम श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा किये जाने की जानकारी दी। दीक्षान्त भाषण न्यायमूर्ति श्री जगदीश शरण माथुर, पूर्व न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली ने दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय डॉ. राकेशधर त्रिपाठी, मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ थे।

2. विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 2020 तक अपने विजन के निर्धारण के लिए किये गये प्रयासों की जानकारी दी।

3. दिनाँक 20 एवं 21 फरवरी, 2010 को DEC, AICTE एवं UGC के संयुक्त विशेषज्ञ समिति द्वारा विश्वविद्यालय की किये गये निरीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी।

4. सत्र 2009–10 में चिन्हित 10 अध्ययन केन्द्रों एवं चारों क्षेत्रीय केन्द्रों तथा मुख्यालय स्तर पर स्पाट एडमीशन की प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने तथा प्रवेशित शिक्षार्थियों की संख्या के बारे में बताया।

5. विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। शैक्षिक परिसर में निर्माण की प्रगति एवं इलाहाबाद विकास प्राधिकरण, इलाहाबाद से प्राप्त होने वाले भूखण्ड के सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी दी ।

6. दिसम्बर 2007/जून 2008 की परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों के उपाधि प्रेषण से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त प्रारम्भ से लेकर अब तक समस्त उत्तीर्ण शिक्षार्थियों की उपाधि उनके पते पर भेजे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.01

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि

दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 को सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सभी सम्मानित सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। बैठक का कार्यवृत्त **संलग्नक 01 पृष्ठ संख्या** 21-43 पर उपलब्ध है। किसी सदस्य से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

विद्या परिषद ने अपनी पिछली बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.02

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना

विद्या परिषद् ने पिछली बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से निम्न के अनुसार अवगत हुई :–

संकल्प संख्या	पिछली बैठक की कार्यसूची	पिछली बैठक में लिये गये निर्णय	पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही
20.01	विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
20.02	विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

20.03	दिनाँक 01 सितम्बर, 2009 को सम्पन्न मान्यता बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार।		
1.	सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 55 आवेदन पत्रों पर कृत कार्यवाही से अवगत होना।	विद्या परिषद् प्रश्नगत बिन्दु को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया।
2.	सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्दों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 04 आवेदन पत्रों पर विचार।	शासकीय/अशासकीय अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना से सम्बन्धित पत्र प्रेषित किये जाने के मान्यता बोर्ड के निर्णय को कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों को मान्यता दी चुकी है।
3.	सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु पुनः प्राप्त 48 आवेदन पत्रों पर गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या पर विचार।	महाविद्यालय/संस्थाओं को विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल की निरीक्षण आख्या के अनुशंसा के अनुसार नये अध्ययन केन्द्र स्थापना के सम्बन्ध में संस्तुत कार्यक्रमों को दर्शाते हुए पत्र प्रेषित कर सूचित करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि निरीक्षण मण्डल द्वारा असंस्तुत महाविद्यालयों/संस्थाओं को पत्र प्रेषित कर सूचित किया जाय। **मान्यता बोर्ड के उक्त अनुशंसा के अनुसार कृत कार्यवाही को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों को मान्यता दी चुकी है।
4.	पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा एवं पूर्व में गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा छूट गये ऐसे अध्ययन केन्द्रों, जो अतिरिक्त कार्यक्रम के संचालन की अनुमति मांगी थी, को अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन की अनुमति दिए जाने हेतु गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त 52 अध्ययन केन्द्रों के निरीक्षण आख्या	ऐसे अध्ययन केन्द्रों को विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल की निरीक्षण आख्या के आधार पर संस्तुत अतिरिक्त कार्यक्रमों की स्वीकृति के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित कर सूचित करने का निर्णय लिया गया तथा साथ ही जिन अध्ययन केन्द्रों को निरीक्षण मण्डल द्वारा अतिरिक्त कार्यक्रम संस्तुत नहीं किया गया है उन्हें भी पत्र प्रेषित कर सूचित किये जाने का निर्णय लिया गया। **मान्यता बोर्ड के उक्त अनुशंसा के अनुसार कृत कार्यवाही को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों को मान्यता दी चुकी है।

	पर विचार।	**कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	
5.	पूर्व में गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा छूट गये ऐसे अध्ययन केन्दों, जो आवंटित कार्यक्रमों के अतिरिक्त बिना अनुमति के अन्य कार्यक्रमों का संचालन कर रहे थे, हेतु गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त 32 अध्ययन केन्द्रों के निरीक्षण आख्या पर विचार।	ऐसे अध्ययन केन्द्रों के सम्बन्ध में गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त निरीक्षण आख्या के आधार पर संस्तुत/असंस्तुत कार्यक्रमों को उल्लेख करते हुए पत्र प्रेषित कर सूचित किये जाने का निर्णय लिया गया। **मान्यता बोर्ड के उक्त अनुशंसा के अनुसार कृत कार्यवाही को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों को मान्यता दी चुकी है।
6.	नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु मानकों के संशोधन पर विचार।	नये अध्ययन केन्द्रों के स्थापना हेतु सम्मानित सदस्यों द्वारा दिये गये सुक्षावों/चर्चा के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान मानकों को संशोधित किये जाने का निर्णय लिया गया। **मान्यता बोर्ड की उक्त अनुशंसा के अनुसरण में अनुशंसित नये मानकों को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। नये मानकों को लागू किया गया है एवं नये अध्ययन केन्द्र स्थापना हेतु विज्ञापन जारी किये गये हैं।
20.04	**दिनाँक 03 सितम्बर, 2009 को सम्पन्न योजना बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार।**		
1.	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षिक परिसर के भवन निर्माण की प्रगति पर विचार।	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिसर में भवन निर्माण कार्यदायी संस्था सी.एण्ड डी.एस. यूनिट–10, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद द्वारा किया जा रहा है। बीच में यह निर्माण कार्य धीमी गति से किया गया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। प्रशासनिक भवन माह अक्टूबर, 2009 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। उत्तर प्रदेश शासन से पैसा न मिलने के कारण तीसरे प्लाट का भुगतान नहीं किया गया। इसलिए प्राधिकरण द्वारा भूमि नहीं दिया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर से लगभग आधे किमी. दूर पर दूसरा अन्य प्लाट इलाहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिया जा रहा है। शैक्षणिक परिसर का प्रथम तल निर्माणाधीन है। शैक्षणिक भवन निर्माण हेतु दूरस्थ शिक्षा परिषद् द्वारा रु. 110 लाख का अनुदान दिया जा चुका है। सीवर, नाली तथा सड़क निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत रु. 111.31 लाख के सापेक्ष रु. 39.10 लाख का अनुदान अवमुक्त किया गया है। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसाओं से विद्या परिषद् अवगत होते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। जल निगम को इस दिशा में लगातार शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। विकास प्राधिकरण से भूमि के कब्जे देने के लिए कुलपति जी ने भी पत्र लिखा है।

2.	विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन के मुख्य गेट के बनाये जाने के प्रस्ताव पर विचार।	1. भव्य गेट बनवाये जाने हेतु रु. 20–25 लाख का व्यय अनुमानित है। 2. प्रशासनिक भवन में एक भव्य गेट एवं दो अन्य गेट बनवाये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसाओं को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। कार्यदायी संस्था के स्तर से कार्य प्रगति पर है।
3.	विश्वविद्यालय के 10 गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में राजर्षि टण्डन शिक्षक सम्मान पुरस्कार के प्रस्ताव पर विचार।	विश्वविद्यालय के 10 गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में राजर्षि टण्डन शिक्षक सम्मान पुरस्कार के प्रस्ताव पर विचार करते हुए गठित समिति के दिनाँक 01–09–2009 के बैठक के कार्यवृत्त को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा के अनुसार कृत कार्यवाही से विद्या परिषद् अवगत हुई तथा इसे कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया।
4.	दूरस्थ शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली को प्रेषित किए गये वर्ष 2009–10 के बजट प्रस्ताव पर विचार।	विद्या परिषद् प्रश्नगत बजट से अवगत होते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। संशोधित बजट दूरस्थ शिक्षा परिषद् , नई दिल्ली को भेजा जा चुका है।
5.	नए क्षेत्रीय केन्द्रों की आवश्यकता एवं संस्थापना पर विचार।	विकेन्द्रीकरण की नीति को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में 05 क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किया गया है। योजना बोर्ड प्रश्नगत प्रकरण पर विचारोपरान्त निश्चय किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र में दो क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाय। इसके लिए उन्हीं क्षेत्रों में किसी दो अध्ययन केन्द्रों को उनके संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए वहीं क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना किया जाय एवं किराये पर भवन लिया जाय। विश्वविद्यालय का कोई भी कर्मचारी नियुक्त न किया जाय बल्कि अध्ययन केन्द्र के कर्मचारी से ही कार्य लिये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया।
6.	विश्वविद्यालय के निर्मित भवन में फर्नीचर आदि की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव पर विचार।	निर्माणाधीन भवन में फर्नीचर आदि की व्यवस्था हेतु निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के कार्यदायी संस्था से फर्नीचर आदि से सम्बन्धित विस्तृत आगणन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु संस्था के परियोजना प्रबन्धक से कहा गया। उनके द्वारा आगणन यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने की सहमति दी गयी।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। शासन को इस सम्बन्ध में

		पुस्तकालय एवं शैक्षणिक परिसर हेतु फर्नीचर का आगणन भी प्रस्ताव शासन को स्वीकृतार्थ प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। लिफ्ट एवं रैम्प के निर्माण हेतु धनराशि अलग से परियोजना प्रबन्धक द्वारा मांगा गया। परियोजना प्रबन्धक से अनुरोध किया गया कि वे भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
7.	शासन को भेजे गये दीर्घकालीन योजना (Perspective Planning) पर विचार।	शासन को भेज गये दीर्घकालीन योजना (Perspective Planning) पर विचार किया तथा विश्वविद्यालय के विकास हेतु दीर्घकालीन योजना के प्रस्ताव को स्वीकार किया। सम्मानित सदस्य डॉ. एस.के. शर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में रखे जाने हेतु हिन्दी, अंग्रेजी आदि विषयों की किताबें क्रय किये जाय जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया।
8.	अध्ययन केन्द्रों के मान्यता/वर्तमान मानकों के संशोधन पर विचार।	सभी प्रस्तावित अध्ययन केन्द्रों के निरीक्षण कराने एवं संस्तुत कार्यक्रमों में कम से कम तीन फैकल्टी मेम्बर्स होने का प्रस्तुत मानक में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। नये मानक लागू किये जा चुके हैं।
9.	नये यू.जी.सी. नियमों के अनुसार पी.एच–डी/एम. फिल कार्यक्रमों में परिवर्तन की सम्भावनाओं पर विचार।	नये यू.जी.सी. नियमों के अनुसार पी.एच–डी/एम. फिल कार्यक्रमों में परिवर्तन की सम्भावनाओं पर विचार किया तथा निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के पी.एच–डी/एम.फिल कार्यक्रमों में जब तक यू. जी.सी./ए.आई.सी.टी. से मानक नहीं बनता है तब तक पी.एच–डी/एम.फिल कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय में संचालित न किये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। दूरस्थ शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली ने इस सम्बन्ध में विशिष्ट सूचनाएं मांगी है जिन्हें उन्हें प्रेषित किया जा चुका है।

10.	विश्वविद्यालय हेतु चौथे चरण के पदों के सृजन पर विचार।	विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर बढ़ते हुए कार्यभार, अध्ययन केन्द्रों की बढ़ती संख्या, शिक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि तथा दूरस्थ शिक्षा परिषद् के मानकों को पूरा करने के लिए चतुर्थ चरण के पदों का सृजन आवश्यक प्रतीत होता है। चतुर्थ चरण के पदों के सृजन हेतु पदों की प्रस्तावित विवरण को स्वीकार करते हुए अग्रतर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
11.	विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन में डोम लगाये जाने पर विचार।	विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन में डोम लगाये जाने पर विचार किया। सम्मानित सदस्य डॉ. एस.के. शर्मा जी ने सुझाव दिया कि डोम लगाये जाने के अन्य विकल्प के तौर पर रेन वाटर हार्वेटिंग की व्यवस्था पर भी विचार किया जाय। **योजना बोर्ड की उक्त अनुशंसा को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। कार्यदायी संस्था इस दिशा में कार्य कर रही है।
20.05	राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, 18–बी, अशोक मार्ग, लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे एसोसिएटशिप कोर्स इन फूट टेक्नालॉजी को उच्चीकृत कर इसमें डेयरी, सीरीयल, ऑयल, एवं मीट प्रसंस्करण की विधाओं का समावेश कर इसे एम. एस–सी (फूड टेक्नालॉजी) के पाठ्यक्रम के रूप में चलाये जाने के सम्बन्ध में विचार।	शासन के निर्देशों के अनुरूप संस्थान के वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम के स्थान पर संस्थान में चलाये जाने हेतु प्रस्तावित एम.एस–सी. (फूड टेक्नालाजी) को विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया तथा निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है। राजकीय खाद्य प्रसंस्करण संस्थान, लखनऊ ने इस दिशा में विश्वविद्यालय से कोई सम्पर्क नहीं किया है।
20.06	दिसम्बर, 2007/जून, 2008 की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री दिये जाने हेतु सूची अनुमोदन एवं तिथि निर्धारण पर विचार।	दिसम्बर 2007/जून 2008 की परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षान्त समारोह आयोजित न किये जा सकने के कारण डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/डप्लोमा/ प्रमाण–पत्र दिये जाने वाली प्रस्तुत सूची का अनुमोदन किया जाय एवं दी जाने वाली उपाधि पर कार्य परिषद् की आगामी बैठक की तिथि दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 का अंकन किया जाय। **उक्त अनुशंसा को कार्य परिषद् की बैठक में**	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में सूची प्रस्तुत किया गया। कार्य परिषद् द्वारा अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्य पूर्ण हो चुका है।

		विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	
20.07	चौथे दीक्षान्त समारोह में दिसम्बर, 2008/जून 2009 के परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री दिये जाने हेतु सूची के अनुमोदन पर विचार।	परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत सूची को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में सूची प्रस्तुत किया गया। कार्य परिषद् द्वारा अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्य पूर्ण हो चुका है।
20.08	चौथे दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं के स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों को पूर्व में निर्धारित नियमों के अनुसार स्वर्ण पदक दिये जाने पर विचार।	सम्बन्धित प्रकरण को कार्य परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने छात्रों को भी स्वर्ण पदक दीक्षान्त समारोह के बाद दिये जाने की व्यवस्था किया जाय।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् द्वारा यथावत स्वीकार किया। कार्य पूर्ण हो चुका है।
20.09	M.Phil और Ph.D. उपाधि के प्रारूप के अनुमोदन पर विचार।	M.Phil. और Ph.D. उपाधि के प्रारूप को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् द्वारा यथावत स्वीकार किया। कार्य पूर्ण हो चुका है।
20.10	श्री राकेश चन्द्र यादव को विश्वविद्यालय द्वारा डी.फिल उपाधि प्रदान करने हेतु माननीय कुलपति के आदेश से अवगत होना।	विद्या परिषद् अवगत होते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् द्वारा यथावत स्वीकार किया।
20.11	दीक्षान्त समारोह में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को उपाधि/डिप्लोमा के प्रेषण पर विचार।	जो छात्र डिग्री/डिप्लोमा किन्हीं कारणों से न ले जा सके हों उनको विश्वविद्यालय खर्च पर डाक द्वारा प्रेषितकिये जाने का निर्णय लिया गया।	दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसे कार्य परिषद् द्वारा यथावत स्वीकार किया। निर्णय का क्रियान्वयन हो रहा है।
20.12	प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अप्रशिक्षित शिक्षकों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण कराये जाने हेतु अपर राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ के पत्र दिनांक 09–12–09 पर विचार।	एक सप्ताह के अन्दर प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाय। प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु अध्यक्ष की अनुमति से प्रो. एस.पी. गुप्ता, निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।	कार्य परिषद् के अनुमोदनोपरान्त कार्यवाही की जा चुकी है। शासन से इस प्रकरण पर अन्तिम कार्यवाही नहीं हुई है।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.03

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 08 जनवरी, 2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि

दिनाँक 08 जनवरी, 2010 को सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सभी सम्मानित सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। बैठक का कार्यवृत्त **संलग्नक 02 पृष्ठ संख्या** 44-47 पर उपलब्ध है। किसी सदस्य से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

विद्या परिषद ने अपनी पिछली बैठक दिनाँक 08 जनवरी, 2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.04

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 08 जनवरी, 2010 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना

विद्या परिषद् अपनी पिछली बैठक दिनाँक 08 जनवरी, 2010 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से निम्न के अनुसार अवगत हुई :–

संकल्प संख्या	पिछली बैठक की कार्यसूची	पिछली बैठक में लिये गये निर्णय	पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही
21.01	दिनाँक 09 जनवरी, 2010 को आयोजित होने वाले चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में दिसम्बर 2008/जून 2009 की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि दिये जाने हेतु पूर्ण सूची के अनुमोदन पर विचार।	दिनाँक 09 जनवरी, 2010 को आयोजित होने वाले चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में 4963 डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं 622 सर्टिफिकेट/डिप्लोमा प्राप्त करने वाले उत्तीर्ण विद्यार्थियों की पूर्ण सूची के अनुमोदन हेतु कार्य परिषद् को संस्तुत किया जाय।	दिनाँक 08 जनवरी, 2010 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रस्तुत सूची का अनुमोदन किया गया। कार्य पूर्ण हो चुका है।
21.02	दिसम्बर 2007/जून 2008 की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि दिये	दिसम्बर 2007/जून 2008 की परीक्षा में 4438 उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षान्त समारोह आयोजित न किये जा सकने के कारण	दिनाँक 08 जनवरी, 2010 को कार्य परिषद् की बैठक में प्रश्नगत प्रकरण को प्रस्तुत किया

	जाने हेतु पूर्ण सूची के अनुमोदन पर विचार।	डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/डप्लोमा/प्रमाण–पत्र दिये जाने वाली पूर्ण सूची को अंगीकृत किया जाय एवं दी जाने वाली उपाधि पर पिछले कार्य परिषद् की बैठक की तिथि दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 का अंकन किया जाय। यह भी निश्चय किया गया कि इसे कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ संस्तुत किया जाय।	गया तथा कार्य परिषद् द्वारा इसे अनुमोदित किया गया। कार्य प्रगति पर है।
21.03	दिनाँक 09 जनवरी, 2010 को सम्पन्न होने वाले चतुर्थ दीक्षान्त समारोह की तैयारियों से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.05

नये कार्यक्रमों के प्रारम्भ करने पर विचार

आगामी सत्र 2010–11 से विश्वविद्यालय कतिपय कार्यक्रमों का संचालन करना चाहता है। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की संस्तुतियाँ/कार्यवृत्त विद्या परिषद् के सम्मानित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जो **संलग्नक 03 पृष्ठ संख्या** 49-56 पर उपलब्ध है।

निश्चय किया गया कि प्रस्तावित 15 कार्यक्रमों को सत्र 2010–11 से प्रारम्भ किये जाने हेतु कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किया जाय एवं सत्र 2010–11 में इसी प्रकार कृषि व अन्य विद्या शाखा के नवीन कार्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए कुलपति जी को अधिकृत किया जाय।

विद्या परिषद् के सम्मानित सदस्य प्रो. सी.एल. खेत्रपाल ने यह सुझाव दिया कि इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ लांग लर्निंग, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कार्ययोजना की सम्यक जानकारी प्राप्त कर एवं उनके साथ मिलकर विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनाई जाय जिसे सर्वसम्मिति से स्वीकार किया गया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.06

विभिन्न विषयों में पी.एच–डी. की मौखिकी परीक्षा होने के पश्चात् पी.एच–डी. उपाधि दिये जाने के सम्बन्ध में विचार

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम 1999 और प्रथम परिनियमावली 2002 के परिनियम 9.01(5) तथा उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रथम अध्यादेश 2002 के अध्याय पन्द्रह में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में पी.एच–डी. उपाधि हेतु शोध छात्र/छात्राओं का नामांकन हुआ था जिनके विवरण निम्नवत है :–

क्र. सं.	शोध छात्र/छात्रा का नाम	विद्या शाखा का नाम/विषय का नाम	पंजीकरण तिथि	मौखिकी परीक्षा तिथि
1.	कु. संगीता कनौजिया	समाज विज्ञान विद्या शाखा/ प्राचीन इतिहास	15-02-2007	04-01-2010
2.	श्री सर्वेश कुमार	मानविकी विद्या शाखा/पुस्तकालय विज्ञान विद्या शाखा	27-02-2007	06-01-2010
3.	श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव	शिक्षा विद्या शाखा/शिक्षा शास्त्र	21-08-2007	03-04-2010
4.	सुश्री रुचि मित्तल	समाज विज्ञान विद्या शाखा/मध्यकालीन इतिहास	13-02-2007	16-04-2010
5.	श्री सुरेन्द्र सिंह यादव	मानविकी विद्या शाखा/पुस्तकालय विज्ञान विद्या शाखा	27-02-2007	22-04-2010

उपर्युक्त सभी शोध छात्र/छात्राओं द्वारा पी.एच–डी. उपाधि हेतु शोध प्रबन्ध जमा किया गया। उनके शोध प्रबन्धों का मूल्यांकन के पश्चात् परीक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराया गया। इन्हें पी.एच–डी. उपाधि दिये जाने हेतु प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

प्रश्नगत बिन्दु पर विद्या परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया गया कि उपर्युक्त सभी शोध छात्र/छात्राओं को पी.एच–डी. उपाधि प्रदान की जाय एवं सुझाव दिया गया कि आगामी बैठक में इस प्रकार के प्रस्तावों में शोध प्रबन्ध के शीर्षक एवं पर्यवेक्षक के नाम भी उल्लेख किये जाय।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.07

विभिन्न कार्यक्रमों के शुल्क निर्धारण हेतु गठित समिति की सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्त पर विचार

विभिन्न कार्यक्रमों के निर्धारित प्रवेश शुल्क की संरचना में विश्वविद्यालय स्थापना के समय से अद्यतन सामान्यतया कोई संशोधन नहीं किया गया है। अतः विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रवेश शुल्क, पंजीकरण शुल्क एवं परीक्षा शुल्क में विभेद न करते हुए इन तीनो प्रकार के शुल्कों को कार्यक्रम शुल्क के रूप में एक साथ लिये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति की दिनाँक 29–03–2010 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त, जो **संलग्नक 04 पृष्ठ संख्या** 57–63 पर उपलब्ध है, विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

निश्चय किया गया कि समिति की उक्त अनुशंसा को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.08

दिनाँक 27 मार्च, 2010 को मान्यता बोर्ड की सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त एवं संस्तुतियों पर विचार

मान्यता बोर्ड की बैठक दिनाँक 27 मार्च, 2010 को सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवृत्त जो **संलग्नक 05 पृष्ठ संख्या** 64–70 पर उपलब्ध है, विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है। मान्यता बोर्ड की कार्यवृत्त तथा संस्तुतियों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

संकल्प संख्या	पिछली बैठक की कार्यसूची	मान्यता बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय	मान्यता बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही
9.01	मान्यता बोर्ड की पिछली बैठक दिनाँक 01 सितम्बर, 2009 के कार्यवृत्त की	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

	पुष्टि।		
9.02	मान्यता बोर्ड की पिछली बैठक दिनाँक 01 सितम्बर, 2009 में लिए गए निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
9.03	सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदन–पत्रों, जो माह सितम्बर, 2009 में प्राप्त हुए थे एवं जिनका निरीक्षण नहीं हो सका था, पर विचार।	सत्र 2010–11 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना अथवा अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में दिनाँक 07 अप्रैल, 2010 तक प्राप्त प्रस्तावों/आवेदन–पत्रों पर गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त अनुशंसाओं को विद्या परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।	गठित निरीक्षण मण्डल से अनुशंसा अप्राप्त है।
9.04	सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार।	सत्र 2010–11 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना अथवा अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में दिनाँक 07 अप्रैल, 2010 तक प्राप्त प्रस्तावों/आवेदन–पत्रों पर गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त अनुशंसाओं को विद्या परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।	गठित निरीक्षण मण्डल से अनुशंसा अप्राप्त है।
9.05	पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा अतिरिक्त कार्यक्रम संचालन हेतु अनुमति दिए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।	सत्र 2010–11 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना अथवा अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में दिनाँक 07 अप्रैल, 2010 तक प्राप्त प्रस्तावों/आवेदन–पत्रों पर गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त अनुशंसाओं को विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।	गठित निरीक्षण मण्डल से अनुशंसा अप्राप्त है।
9.06	कतिपय अध्ययन केन्द्रों द्वारा आवंटित कार्यक्रमों के अतिरिक्त बिना अनुमति के अन्य कार्यक्रमों के संचालन	ऐसे अध्ययन केन्द्रों के कार्यक्रमों का गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा असंस्तुत किये जाने पर सम्बन्धित शिक्षार्थियों को उन्हें अन्यत्र किसी नजदीक के अध्ययन केन्द्र जहाँ वह कार्यक्रम संचालित हो पर	गठित निरीक्षण मण्डल से अनुशंसा अप्राप्त है।

	सम्बन्धी प्रश्न पर विचार।	स्थानान्तरित करते हुए सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों को सूचित किया जाय तथा वर्ष 2010–11 के सूचना विवरणिका में यह उल्लेख किया जाय कि शिक्षार्थी अपने चयनित अध्ययन केन्द्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित कार्यक्रम में ही प्रवेश लें। गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा कार्यक्रमों के संस्तुत अनुशंसाओं से सम्बन्धित केन्द्रों को सूचित किया जाय।	
9.07	अपेक्षित शिक्षार्थियों के अभाव में कतिपय अध्ययन केन्द्रों के संचालन को सत्र 2010–11 में स्थगित किए जाने पर विचार।	ऐसे अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों की संख्या 07 से 50 तक है, को एक पत्र प्रेषित कर उन्हें निर्देश दिया जाय कि आगामी सत्र से छात्र संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।	कार्यवाही की जा रही है।
9.08	शिक्षार्थियों की संख्या शून्य होने के कारण कतिपय अध्ययन केन्द्रों के संचालन को सत्र 2010–11 से निरस्त किए जाने पर विचार।	ऐसे 156 अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों की संख्या छः तक है, के संचालन को आगामी सत्र से स्थगित रखा जाय। यदि सम्बन्धित केन्द्र एक वर्ष के दौरान पुनः नियमानुसार प्रस्ताव/आवेदन करते हैं तो परीक्षण करके उन्हें बिना किसी शुल्क के अस्थायी मान्यता दे दिया जाय। आवेदन न किये जाने पर एक वर्ष के बाद ये केन्द्र स्वतः निरस्त समंझे जायें। ऐसे निरस्त किये जाने वाले समस्त अध्ययन केन्द्रों के पंजीकृत शिक्षार्थियों को निकट के ऐसे अध्ययन केन्द्र पर स्थानान्तरित कर दिया जाय जहाँ पर सम्बन्धित कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित हो एवं सभी शिक्षार्थियों व सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र को उनके स्थानान्तरण की सूचना दी जाय।	कार्यवाही की जा रही है। विश्वविद्यालय के पत्राँक ओ.यू./ 163/2010 दिनाँक 11–05–2010 द्वारा प्रभारी अध्ययन केन्द्र को क्रियान्वयन हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

निश्चय किया गया कि उक्त प्रकरण को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.09

एम.बी.ए. प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारण हेतु प्रस्तावित नये नियमन (Regulation) पर विचार

UGC/AICTE/DEC की संयुक्त विशेषज्ञ समिति की दिनाँक 20–21 फरवरी, 2010 को विश्वविद्यालय की निरीक्षण के समय एम.बी.ए. में प्रवेश परीक्षा के आयोजन की अपरिहार्यता पर जोर दिया। इस परिप्रेक्ष्य में कुलपति जी द्वारा गठित समिति ने एम.बी.ए. में प्रवेश हेतु पुराने नियमन (Regulation) **(संलग्नक – 06 पृष्ठ संख्या 71-79 पर उपलब्ध है)** के स्थान पर नये नियमन (Regulation)को प्रस्तावित किया है। नया नियमन संलग्न है।

अतः नये नियमन (Regulation) का प्रस्ताव विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है, जो **संलग्नक 07 पृष्ठ संख्या 80-81** पर उपलब्ध है।

प्रश्नगत बिन्दु पर विद्या परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया गया कि समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.10

विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश 2002 एवं बी.एड. अध्यादेश में परिवर्तन हेतु समिति की संस्तुतियों पर विचार

कार्य परिषद् के संकल्प संख्या 40.11 के अन्तर्गत परिनियमों एवं अध्यादेशों के संशोधन हेतु कुलपति जी द्वारा गठित समिति की बैठक दिनाँक 13 मार्च, 2010 को सम्पन्न हुई। इस समिति की अन्तरिम प्रत्यावेदन के परिप्रेक्ष्य में परिनियमावली एवं अध्यादेशों में परिवर्तन हेतु कुलपति जी द्वारा गठित अन्य समिति की बैठक दिनाँक 10–05–2010 को हुई। इसमें प्रवेश, आरक्षण , कार्यक्रमों के संचालन व मूल्यांकन, परीक्षकों की नियुक्ति, दीक्षान्त समारोह के दिशा निर्देश एवं बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता पर चर्चा की गयी। वर्तमान व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए समिति ने सम्बन्धित बिन्दुओं पर कतिपय संशोधन किये जाने की संस्तुति की।

समिति की संस्तुतियाँ विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत हैं, जो **संलग्नक 08 पृष्ठ संख्या 82-88** पर उपलब्ध है।

प्रश्नगत बिन्दु पर विद्या परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया गया कि समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय। समिति की अनुशंसा को कार्य परिषद् की बैठक की तिथि से प्रभावी किये जाने का प्रस्ताव भी कार्य परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत है।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.11

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) और एम.एस–सी (सांख्यिकी) (M.Sc Statistics) में प्रवेश हेतु अर्हता में संशोधन के प्रस्ताव पर विचार।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कतिपय कार्यक्रमों के अर्हता आदि के संशोधन के सम्बन्ध में कुलपति जी द्वारा गठित समिति की बैठक दिनाँक 19–03–2010 को सम्पन्न हुई। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) और एम.एस–सी (सांख्यिकी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता को गठित समिति ने दृष्टिगत रखते हुए इन दोनों कार्यक्रमों में निम्न विवरण के अनुसार प्रवेश हेतु अर्हता निर्धारित करने की संस्तुति की है :

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	प्रवेश हेतु वर्तमान अर्हता	प्रस्तावित अर्हता
1.	पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ)	पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC) या पत्रकारिता में स्नातक (BJ)	किसी विषय में स्नातक
2.	एम.एस–सी (सांख्यिकी) M.Sc Statistics	सम्बन्धित विषय में स्नातक	गणित/सांख्यिकी में 50% के साथ स्नातक

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

प्रश्नगत बिन्दु पर विद्या परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया गया कि एम.एस–सी (सांख्यिकी) M.Sc Statistics में प्रवेश की अर्हता "गणित/सांख्यिकी में 50% के साथ स्नातक" के स्थान पर "गणित/सांख्यिकी में स्नातक" के

संशोधन के साथ समिति की अनुशंसा *को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।*

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.12

नॉन–क्रेडिट जागरुकता कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में विचार।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नॉन–क्रेडिट जागरुकता कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र दिये जाने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति के सदस्यों की बैठक दिनाँक 14–05–2010 को सम्पन्न हुई। समिति की संस्तुतियाँ **संलग्नक 09 पृष्ठ संख्या ..09....** पर उपलब्ध है।

प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने समिति की संस्तुतियों पर विचार किया।

निश्चय किया गया कि समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 22.13

(अ) उपाधियों के समतुल्यता के सम्बन्ध में समिति के गठन पर विचार

मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम दूरस्थ शिक्षा पद्धति पर आधारित है। प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर अन्य विश्वविद्यालयों से अध्ययन कर उपाधि प्राप्त छात्र विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करते है, जिनकी उपाधियों के समतुल्यता के सम्बन्ध में संशय एवं अस्पष्टता परिलक्षित होती है। अतः ऐसे उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों के पाठ्यक्रमों की इस विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों के समतुल्यता के सम्बन्ध में विचार करने हेतु निम्न के अनुसार समिति के गठन का प्रस्ताव विद्या परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत है :–

(v)	कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति जो निदेशक के स्तर से कम न हो (एक वर्ष के लिए)	अध्यक्ष
(vi)	सम्बन्धित विद्या शाखा के निदेशक	सदस्य
(vii)	कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट दो प्राध्यापक (एक वर्ष के लिए)	सदस्य
(viii)	प्रभारी प्रवेश विभाग	सचिव

निश्चय किया गया कि उक्त प्रकरण को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

(ब) **परीक्षाफल समिति के गठन पर विचार**

विश्वविद्यालय का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश है जिसके अध्ययन केन्द्र/परीक्षा केन्द्र प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित है। अब तक परीक्षा से सम्बन्धित कतिपय प्रक्रियाओं/विसंगतियों का निस्तारण परीक्षा नियंत्रक ही करते हैं। इन विसंगतियों को दूर करने हेतु तथा परीक्षाफलों के परिसीमन हेतु निम्न के अनुसार समिति के गठन का प्रस्ताव विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है :–

(v)	कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति जो निदेशक के स्तर से कम न हो (एक वर्ष के लिए)	अध्यक्ष
(vi)	सम्बन्धित विद्या शाखा के निदेशक	सदस्य
(vii)	कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट एक प्राध्यापक (एक वर्ष के लिए)	सदस्य
(viii)	परीक्षा नियंत्रक	सचिव

निश्चय किया गया कि उक्त प्रकरण को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

सचिव

संलग्नक - 01

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनाँक 15 दिसम्बर, 2009 को मध्याह्न 12:00 बजे विश्वविद्यालय के मीडिया सेण्टर में सम्पन्न विद्या परिषद् की 20वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1	प्रो नागेश्वर राव, कुलपति, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	अध्यक्ष
2	प्रो. ए.के. गुप्ता, पूर्व निदेशक, जे.के. इंस्टीट्यूट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, फ्लैट नं. – 113, अशोक नगर, दुर्गा पूजा पार्क के पास, विनायक इन्क्लेव, इलाहाबाद	सदस्य
3	प्रो. पी.आर. अग्रवाल, स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट इस्टडीज, एम.एन.एन. आई.टी., इलाहाबाद	सदस्य
4	प्रो. एस.पी. गुप्ता, निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
5.	डॉ. बी.एन. सिंह, निदेशक, मानविकी विज्ञान विद्या शाखा उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
6.	डॉ. एम.एन. सिंह, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
7.	डॉ. टी.एन. दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
8.	डॉ. नागेन्द्र यादव, उपाचार्य, प्रबन्धन अध्यान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य

9. डॉ. (श्रीमती) इति तिवारी, सदस्य
उपाचार्य, समाज विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

10 श्री अच्छे लाल, सदस्य
प्रवक्ता, मानविकी विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

11. श्रीमती मीरा पाल, सदस्य
प्रवक्ता, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

12. डॉ. आर.पी.एस. यादव, विशेष आमंत्रित सदस्य
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

13. श्री एम.एल कनौजिया, सदस्य–सचिव
कुलसचिव,
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित न हो सके :

(1) डॉ. सी.एल. क्षेत्रपाल,
पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
निदेशक, सेण्टर फॉर बायो मेडिकल मैग्नेटिक रिसोनेन्स,
एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ

(2) प्रो. विनय पाठक,
कुलपति,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी, नैनीताल

(3) डॉ. जोखन सिंह,
पूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय,
द्वारा – श्री राजेश सिंह, ब्रोचा हास्टल, ए–ब्लाक, वार्डन क्वार्टर,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यसूची के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व कुलपति जी ने नये सम्मानित सदस्यों प्रो. ए.के. गुप्ता, पूर्व निदेशक, जे.के. इंस्टीट्यूट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं प्रो. पी.आर.

अग्रवाल, स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट स्टडीज, एम.एन.एन. आई.टी., इलाहाबाद का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा उनके सहयोग की अपेक्षा की। कुलपति जी ने इन दोनों नये सम्मानित सदस्यों का परिचय परिषद् के अन्य सभी सम्मानित सदस्यों से कराया तथा अन्य तीन नये सम्मानित सदस्यों, जो अपरिहार्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके, के विषय में अवगत कराया। कुलपति जी ने विश्वविद्यालय की प्रगति एवं भावी योजनाओं से अवगत कराया।

कुलपति जी ने विद्या परिषद् के सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया कि :–

(1) सत्र 2009–10 में चिन्हित लगभग 10 अध्ययन केन्द्रों एवं चारों क्षेत्रीय केन्द्रों तथा मुख्यालय स्तर पर स्पाट एडमीशन की प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा इसके प्रगति से अवगत कराया।

(2) दिनाँक 27 जनवरी, 2009 को विश्वविद्यालय स्थापना के गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण होने की जानकारी दी।

(3) फाफामऊ स्थित विश्वविद्यालय के नये परिसर में शैक्षिक परिसर के भवन निर्माण के प्रगति की जानकारी दी। विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनाँक 09 जनवरी, 2010 को आयोजित किये जाने तथा उसी दिन शैक्षिक परिसर के भवन का उद्घाटन महामहिम श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा किये जाने की जानकारी दी।

(4) सत्र 2008–09 में नये प्रवेशार्थियों की संख्या 16000 थी जो सत्र 2009–10 में बढ़कर 23000 हो गयी है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में इस विश्वविद्यालय के लगभग 476 अध्ययन केन्द्र संचालित हैं। आगामी परीक्षा, जो 29 दिसम्बर, 2009 से प्रस्तावित है, हेतु लगभग 80 परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी।

(5) इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों के प्रवेश की समस्या के निराकरण हेतु प्रदेश के शासकीय/अशासकीय/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों के संचालन हेतु केन्द्र खोले जाने की अनुमति बिना निरीक्षण के दिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 20.01

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि

दिनाँक 18 मई, 2009 को सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त **संलग्नक 01 पृष्ठ संख्या** पर उपलब्ध है। कार्यवृत्त सभी सम्मानित सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् की ने अपनी पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 20.02

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना

विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 18 मई, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही निम्नवत है :–

संकल्प संख्या	पिछली बैठक की कार्यसूची	पिछली बैठक में लिये गये निर्णय	पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही
19.01	विद्या परिषद अपनी पिछली बैठक दिनाँक 26 मार्च, 2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
19.02	विद्या परिषद की पिछली बैठक दिनाँक 26 मार्च, 2009 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना	अवगत होने से सम्बन्धित है।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
19.03	भारतीय पुनर्वास परिषद्, (R.C.I), नई दिल्ली की अनुमति से PGPD-SEDE कार्यक्रम संचालित करने पर विचार।	ऐसे व्यक्ति जो बी.एड. उपाधि धारक हैं एवं विशिष्ट बालकों की शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करना चाहते हैं उन्हें बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के समकक्ष बनाने के लिए आर.सी.आई. द्वारा संचालित PGPD-SEDE कार्यक्रम को विश्वविद्यालय द्वारा प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया गया। उक्त कार्यक्रम को आर. सी.आई. ने अपने पत्र दिनाँक 28 नवम्बर, 2008 द्वारा उन्हीं केन्द्रों पर संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान की है जहाँ बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम पूर्व	कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। नियमानुसार सत्र 2009–10 में इस कार्यक्रम में प्रवेश लिया जा चुका है।

		से संचालित है।	
19.04	इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद के सहयोग से पी.जी. डिप्लोमा इन इन्डियन आर्ट, कल्चर एण्ड टूरिज्म कार्यक्रम संचालित करने पर विचार।	इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद के सहयोग से पी. जी. डिप्लोमा इन इन्डियन आर्ट, कल्चर एण्ड टूरिज्म कार्यक्रम संचालित किये जाने के प्रस्ताव को सिद्धान्त रूप में स्वीकार किया जाय और सामान्य औपचारिकताओं को पूर्ण कर एम.ओ.यू. करने हेतु कुलपति जी को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।	इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद को विश्वविद्यालय द्वारा पत्र प्रेषित किया जा चुका है लेकिन उत्तर अप्राप्त है।
19.05	दिनाँक 13 मई, 2009 को मान्यता बोर्ड की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर विचार।	दिनाँक 13–05–2009 को सम्पन्न मान्यता बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया।	63 नये अध्ययन केन्द्रों की स्वीकृति, 46 अध्ययन केन्द्रों को अतिरिक्त कार्यक्रमों की स्वीकृति एवं 60 अध्ययन केन्द्रों को बिना अनुमति के पूर्व में संचालित कार्यक्रमों की स्वीकृति के पश्चात सम्बन्धित केन्द्रों को पत्र निर्गत किया गया।
19.06	विभिन्न विद्या शाखा बोर्ड की अनुशंसाओं पर विचार।	विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्या शाखाओं की अनुशंसाओं को सिद्धान्तः स्वीकार करते हुए इनका प्रशासनिक परीक्षण कराये जाने का निर्णय लिया गया।	विभिन्न अनुशंसाओं का परीक्षण कराया जा रहा है।
19.07	विश्वविद्यालय द्वारा उपाधियों के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र नवम्बर, 2008 को अंगीकृत करने पर विचार।	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के पत्र संख्या F.1-10/2004 Pt III (CPP-II) दिनाँक नवम्बर, 2008 को अंगीकृत किये जाने तथा विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली उपाधि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत उपाधियों के विशिष्टीकरण से सम्बन्धित अधिसूचना के अनुरूप किये जाने का निर्णय लिया गया।	विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली उपाधि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत उपाधियों के विशिष्टीकरण से सम्बन्धित अधिसूचना के अनुरूप कर दिया गया है।
19.08	विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त स्कूल बोर्ड की स्नातक	संयुक्त स्कूल बोर्ड की बैठक दिनाँक 17–05–2009 के कार्यवृत्त को स्वीकार किया जाय तथा तद्नुसार	सत्र 2009–10 में बी.ए. एवं बी.एस–सी. (सामान्य, मेजर

	पाठ्यक्रम की संरचना आदि के सम्बन्ध में प्राप्त कार्यवृत्त पर विचार	कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।	व रोजगार परक) कार्यक्रमों के नवीन संरचना के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया गया है।

विद्या परिषद् अपनी पिछली बैठक दिनाँक18 मई, 2009 में लिये गये निर्णयों पर उक्तानुसार उल्लिखित की गयी कार्यवाही से अवगत हुई।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 20.03

दिनाँक 01 सितम्बर, 2009 को सम्पन्न मान्यता बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार

दिनाँक 01 सितम्बर, 2009 को सम्पन्न मान्यता बोर्ड की बैठक की कार्यसूची और कार्यवृत्त निम्नवत है :–

1. **सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 55 आवेदन पत्रों पर कृत कार्यवाही से अवगत होना**

उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश में बढ़े हुए समस्या के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के महाविद्यालयों में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का बी.ए., बी.एस–सी. और बी.काम कार्यक्रमों में अध्ययन केन्द्र खोले जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके अनुक्रम में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु 55 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर निम्नवत विभाजन किया गया है :–

क्रम सं.	महाविद्यालय/संस्था का विवरण	संख्या
1.	शासकीय महाविद्यालय	13
2.	अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय	20
3.	स्ववित्त पोषित महाविद्यालय	22

उपर्युक्तानुसार महाविद्यालयों को नये अध्ययन केन्द्र स्थापना सम्बन्धी पत्र माननीय कुलपति जी के अनुमोदनोपरान्त प्रेषित किया जा चुका है। अतः प्रकरण मान्यता बोर्ड के समक्ष अवलोनार्थ/सूचनार्थ प्रस्तुत है।

"मान्यता बोर्ड ने सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 55 आवेदन पत्रों पर कृत कार्यवाही से अवगत हुई तथा इन महाविद्यालयों को नये अध्ययन केन्द्र के रुप में स्थापित किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की।"

मान्यता बोर्ड के उक्त अनुशंसित कृत कार्यवाही को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए निश्चय किया कि कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

2. **<u>सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्दों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 04 आवेदन पत्रों पर विचार</u>**

उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश में बढ़े हुए समस्या के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के महाविद्यालयों में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का बी.ए., बी.एस–सी. और बी.काम कार्यक्रमों में अध्ययन केन्द्र खोले जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके अनुक्रम में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु 04 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा और प्रस्ताव प्राप्त होने की सम्भावना है। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर निम्नवत विभाजन किया गया है :–

क्र.सं.	महाविद्यालय/संस्था का विवरण	संख्या
1.	शासकीय/अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय	03
2.	स्ववित्त पोषित महाविद्यालय	01

उपर्युक्तानुसार महाविद्यालयों को सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्र की स्थापना सम्बन्धित प्रस्ताव मान्यता बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

"मान्यता बोर्ड ने सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयों को प्रेषित पत्र के अनुक्रम में प्राप्त 04 आवेदन पत्रों पर विचार किया।

निश्चय किया कि शासकीय/अशासकीय अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना से सम्बन्धित पत्र प्रेषित किया जाय।"

मान्यता बोर्ड के उक्त अनुशंसा के अनुसार कृत कार्यवाही को विद्या परिषद् ने स्वीकार करते हुए निश्चय किया कि कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किया जाय।

3. **<u>सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु पुनः प्राप्त 48 आवेदन पत्रों पर गठित निरीक्षण मण्डल से प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या पर विचार</u>**

सत्र 2009–10 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु पुनः कुल 48 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिनको निम्नवत विभाजित किया गया है :–

क्र. सं.	महाविद्यालय/संस्था का विवरण	संख्या
1.	शासकीय/अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय	09
2.	स्ववित्त पोषित महाविद्यालय	22
3.	संस्थान	17

उपर्युक्तानुसार सभी महाविद्यालयों/संस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किए जाने हेतु निरीक्षण मण्डल का गठन किया गया। निरीक्षण मण्डल से 48 प्रस्तावों की स्थलीयं निरीक्षण आख्या प्राप्त हो चुकी है।

इसके अतिरिक्त नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु पुनः कुल 05 नये प्रस्ताव निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्राप्त हुए हैं, जिनका स्थलीय निरीक्षण अद्यतन नहीं किया गया है :–

क्र. सं.	महाविद्यालय/संस्था का विवरण	संख्या

1.	शासकीय/अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय	01
2.	स्ववित्त पोषित महाविद्यालय	02
3.	संस्थान	02

अतः उपर्युक्त दोनों श्रेणियों के प्रकरण मान्यता बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

